अभियंता प्रमुख का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

संवेदक Sri Rahul Ranjan, Regd. No- 4190306, At-Vill+P.O-Budhauli, Dist-Nawada, Bihar, Pin-805124 को कार्य प्रमंडल, रजौली के अधीन योजनाशीर्ष **MMGSY(SC)** अंतर्गत **Bhandajor Path To Ishopur** तक एवं **Sitapur Banshichak Path To Dallah Bigha** तक पथ निर्माण का कार्य आवंटित था। जिसका एकरारनामा संख्या–38/SBD/MMGSY/2020-21 एवं 37/SBD/MMGSY/2020-21 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–08.09.2020 एवं कार्य पूर्णता की तिथि–07.06.2021 है।

उक्त दोनों पथों के कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि से सोलह माह से अधिक अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। पथ का कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रजौली का पत्रांक–824 दिनांक–24.05.2021, पत्रांक–1088 दिनांक–29.06.2021, पत्रांक–1120 दिनांक–03.08.2022 एवं पत्रांक–826 दिनांक–24.05.2021 पत्राक–1088 दिनाक–29.06.2021 एवं पत्रांक–1121 दिनांक–03.08.2022 के माध्यम से कार्य पूर्ण करने हेतु संवेदक को स्मारित किया गया। परन्तु संवेदक द्वारा एकरारनामा शर्तो के अनुरूप कार्य पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

उपरोक्त स्थिति में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रजौली का पत्रांक–64 दिनांक–12.01.2023 द्वारा एकरारनामा संख्या–38/SBD/MMGSY/2020-21 एवं पत्रांक–63 दिनांक–12.01.2023 द्वारा एकरारनामा संख्या–37/SBD/MMGSY/2020-21 को विखंडित किया गया।

मुख्य अभियंता–1, सम्प्रति, मुख्य अभियता–2, गया ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक–4034 दिनांक–11.12.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, गया का पत्रांक–1698 अनु0 दिनांक–07.12.2023/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रजौली का पत्रांक–1996 अनु0 दिनांक–01.12.2023 द्वारा कार्य को एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित/अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक कार्य को अपूर्ण/लंबित रखने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराने के उपरांत विभागीय पत्रांक–6426 दिनांक–19.12.2023 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–1054 दिनांक–28.02.2024 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव अबतक अप्राप्त रहने के कारण पुनः संवेदक को अंतिम रूप से विभागीय पत्रांक–2715 दिनांक–14.08.2024 द्वारा स्मारित किये जाने के पश्चात भी संवेदक द्वारा कोई प्रतिउत्तर उपलब्ध नहीं कराया गया।

यह सरकारी निर्देशो की अवहेलना एवं सरकारी योजना को पूर्ण करने में संवेदक की शिथिलता एवं लापरवाही को दर्शाता है। उक्त पथ को पूर्ण नहीं करने में स्पष्ट रूप से संवेदक दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 कि कंडिका 11 (क) (vi) के आलोक में संवेदक Sri Rahul Ranjan, At-Vill+P.O-Budhauli, Dist-Nawada, Bihar, Pin-805124 के निबंधन संख्या–4190306 को अगले 03(तीन) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

03/10/24

(श्रीप्रकाश)

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—96/2023-3156 /पटना, दिनांकः-04/10/2024

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/10/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—96/2023-3156 /पटना, दिनांकः-04/10/2024

प्रतिलिपिः—सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/10/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—96/2023-3156 /पटना, दिनांकः-04/10/2024

प्रतिलिपिः— प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/10/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—96/2023-3156 /पटना, दिनांकः-04/10/2024

प्रतिलिपिः— संवेदक Sri Rahul Ranjan, Regd. No- 4190306, At-Vill+P.O-Budhauli, Dist-Nawada, Bihar, Pin-805124 को सूचनार्थ प्रेषित।

03/10/24

अभियंता प्रमुख